हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 5 नवंबर 2025

06 कलेक्टर ने अफसरों को समस्याओं के निस्तारण...



09 जिले के स्कूलों से गायब हुए 28 हजार बच्चों को तलाशने...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 07 नवम्बर को

**सागर।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग सागर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 07 नवम्बर को रविन्द्र भवन सभागार, सागर में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। जिले के वे युवा प्रतिभागी जिन्होंने युवा उत्सव 2025 हेतु खेल परिसर सागर में आवेदन जमा किए हैं, उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित तिथि 07 नवम्बर को प्रातः 10 बजे के पूर्व रविन्द्र भवन सभागार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाता सत्यापन

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी के मान से निर्वाचक नामावली का घर-घर जाकर सत्यापन कार्य बीएलओ के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्य 4 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक संपन्न किया जाएगा। निर्वाचन कार्य में नियुक्त सभी बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को निर्देश दिए गए हैं कि वे उक्त अवधि में अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य समय पर पूर्ण करें। संबंधित विभागों एवं कार्यालय प्रमुखों को यह सुनिश्चित करने हेतु कहा गया है कि उनके अधीनस्थ बीएलओ निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय रूप से सहभागिता करें और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करें।

### सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः आरटीओ

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर परिवहन जांच दल द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत शहरी क्षेत्र एवं शाहगढ़ रोड पर स्कूल बसों, यात्री बसों तथा मालवाहक वाहनों को चेक किया गया यह कार्यवाही सुबह 10 बजे से शाम तक की गई यात्री बस मालयान एवं अन्य वाहनों की जाच की गई। इसमें यात्री बस में फर्स्टएड बॉक्स, अग्निशमन, एचएसआरपी हेवी लायसेंस आदि दस्तावेज चेक किये गये। 04 स्कूल बसों एवं 01 यात्री बस से फिटनेस चालान पर 25500 रू. एवं 02 अन्य भारी वाहनों पर 8600 रू के चालान किये गये, इस प्रकार कुल राशि रू. 34100 शासन के पक्ष में जमा कराई गई।

### जल का अपव्यय रोकने हेतु 7 दलों का गठन किया

**सागर।** नगर निगम आयुक्त ने पानी के अपव्यय को रोकने हेतु प्रारंभ किये गये नलों में टोटी लगाने अभियान को निरंतर चालू रखने के निर्देश दिये है, इस हेतु उन्होने 7 दलों का गठन किया है। उक्त दल के सदस्य पेयजल सप्लायी के समय वार्डों में लीकेज कनेक्शनों एवं जिन नलों में टोटी न होने के कारण पानी का अपव्यय होता है उनको बंद करने व टोटी लगाने का कार्य करेंगे। नगर निगम परिषद के निर्णय अनुसार जोन के अंतर्गत वार्डों में व्यवसायिक कनेक्शन का सत्यापन कर सूची तैयार कर 15 दिवस में कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। हर नल टोटी अभियान के अंतर्गत जोन के वार्डों में समस्त सप्लायी के समय भ्रमण कर नलों का निरीक्षण करेंगे तथा ऐसे कनेक्शन जिनसे व्यर्थ पानी बह रहा है उनमें टोटी लगवायें एवं अनुपयोगी नल कनेक्शन में केप लगाकर बंद कराना सुनिश्चित करेंगे। टीम के सदस्य जोन के समस्त वार्डों में लीकेजों की मरम्मत भी सुनिश्चित करायेंगे ,अवैध कनेक्शनों की जांचकर उनके विच्छेदन तथा अज्ञान कनेक्शनों को बंद करने की कार्यवाही करेंगें इसके साथ ही टीम के सदस्य पेयजल सप्लायी के समय नागरिकों को व्यर्थ पानी को रोकने हेतु समझाईस देंगे इसके बाद भी अगर नागरिकों द्वारा पानी फैलाया जाता है तो ऐसे नागरिकों का नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही भी करेंगे। जोन में चल रही डेयरियों में लगे नल कनेक्शन भी विच्छेदित करना सुनिश्चित करेंगे।

---

**गांवों की बेटी योजना और प्रतिभा किरण योजना की छात्राओं को प्रोत्साहन राशि समय पर दिलाएं**

# छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय पर दिलाना सुनिश्चित करें: कमिश्नर अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग की सभी शालाओं में शिक्षकों की समय पर सतत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं और छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मुहैया कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग की सभी शालाओं में स्कूली छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मुहैया हो, यह सागर संभाग के सभी शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय पर दिलाएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में गांव की बेटी योजना और प्रतिभा किरण योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव की बेटी योजना और प्रतिभा किरण योजना की पात्र छात्राओं को समय-समय पर प्रोत्साहन राशि मुहैया कराएं।बैठक में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का वितरण जिन छात्र-छात्राओं को नहीं दिया गया है, ऐसे छात्र-छात्राओं के प्रकरणों का सत्यापन कर उन्हें प्राथमिकता के साथ छात्रवृत्ति का वितरण सुनिश्चित कराएं।समीक्षा के दौरान उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सागर संभाग में लगभग 26,948 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरण योजना का लाभ दिलाया गया है। बैठक में जनजाति कार्य विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि के वितरण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को प्राथमिकता के साथ राहत राशि का वितरण सुनिश्चित किया जाए।कमिश्नर ने निर्देश दिए कि राहत राशि वितरण में किसी भी प्रकार की उदासीनता और लापरवाही नहीं बरती जाए। अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि वितरण में पूरी पारदर्शिता और सुचिता रखी जाए। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति बस्तियों में बस्ती विकास कार्यक्रम के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि बस्ती विकास कार्यक्रम के अधूरे निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए।



बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी संयुक्त संचालक शिक्षा सागर संभाग ने बताया कि सागर संभाग में सभी छात्र-छात्राओं को गणवेश विक्रय करने के लिए राशि मुहैया करा दी गई है। उन्होंने बताया कि सागर संभाग में निःशुल्क साइकिल वितरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राकेश शुक्ला, जनजाति कार्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

---



## एसआईआर की आई है बारी, अब सही मतदाता सूची होगी जारी, घर घर जाकर होगा सर्वे

**सागर।** अब जब घर के दरवाजे पर ही वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति को वर्तमान युवा पीढ़ी आदत में शामिल कर रही है तो इस समय प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिये सभी पात्र नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने भारत निर्वाचन आयोग आपके घर आंगन में ही अपनी सेवायें देने जा रहा है। स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने इस बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सारिका ने बताया कि वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं। गीत, पपेट शो तथा अन्य रोचक तरीके से आयोजित कार्यक्रम में सारिका ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण या एसआईआर अभियान में मंगलवार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर की अवधि क्षेत्र के बीएलओ आपके घर पर पहुंचकर निर्धारित जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके लिये आप हाल का ही रंगीन फोटो तथा अपना पहचान पत्र, वोटर कार्ड आदि को तैयार रखें। इसमें जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। सारिका ने बताया कि शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने विशेष गहन पुनरीक्षण 21 वर्ष पहले किया गया था। 1951 से 2004 तक 8 बार विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा चुका है। अब यह पुनरू किया जा रहा है।सारिका ने संदेश दिया कि एसआईआर कार्यक्रम का लक्ष्य मतदाता सूचियों को शुद्ध करना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी पात्र मतदाता पीछे न छूटे, और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। इसलिये अब आपकी जिम्मदारी है कि आपके घर पर पहुंचे बीएलओ को पूरी जानकारी दें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने दें अपना योगदान।

---



## मिट्टी, पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए आय बढ़ाने का जैविक तरीका अपनाएं: सृष्टि जैन

**सागर।** सफलता तब शुरू होती है जब हम विज्ञान को मिट्टी से जोड़ते हैं, यह कहना है सृष्टि जैन का। सृष्टि जैन कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। वर्तमान में वे कृषि विज्ञान केंद्र, सागर में छह माह की प्रशिक्षण अवधि पूरी कर रही हैं। अपने प्रशिक्षण के दौरान सृष्टि ने कृषि मेले में भाग लिया, जहाँ उन्होंने और उनकी टीम ने किसानों के लिए कई जैविक उत्पाद प्रदर्शित किए जैसे जीवामृत, घनजीवामृत और नीम आधारित जैव कीट नाशक। इन उत्पादों का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती से हटाकर जैविक खेती की ओर प्रेरित करना है। सृष्टि बताती हैं कि जीवामृत मिट्टी की उर्वरता बढ़ाता है, घनजीवामृत पौधों की वृद्धि में सहायक होता है, और नीम से बने उत्पाद प्राकृतिक रूप से कीटों को नियंत्रित करते हैं। उनका मानना है कि यदि किसान जैविक विधियों को अपनाएँ तो न केवल उनकी फसल की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि आय भी दोगुनी हो सकती है। मेले में सृष्टि ने किसानों से अपील की, हमारा लक्ष्य है कि मिट्टी और पर्यावरण दोनों की रक्षा करते हुए खेती को लाभकारी बनाया जाए। जैविक खेती ही भविष्य का सही रास्ता है।

---

## बिजली पेंशनर्स सम्मेलन 15 दिसम्बर को सुरक्षित पेंशन भविष्य पर केंद्रित रहेगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

म.प्र. राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, सागर क्षेत्र के तत्वावधान में 15 दिसम्बर को वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन रवीन्द्र भवन सभागार में संपन्न होगा। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्वमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक शैलेन्द्र जैन आमंत्रित किए गए हैं। एसोसिएशन के सचिव रामलखन श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में सागर संभाग के साथ-साथ प्रदेश के अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में बिजली पेंशनर्स और प्रांतीय पदाधिकारी भाग लेंगे। आयोजन समन्वयक महाराज सिंह राजपूत ने जानकारी दी कि सम्मेलन में परंपरानुसार 75 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स का सम्मान किया जाएगा।



सम्मेलन का मुख्य विषय “सुरक्षित पेंशन भविष्य” रहेगा। आयोजन समिति के सदस्यों राजीव श्रीवास्तव, डी.एस. राजपूत, आर.एस. खरे, धनराज पटैल, अनिल गुप्ता, जे.पी. शर्मा और जी.एस. पाठक ने बताया कि बिजली पेंशनर्स उत्तर प्रदेश की तरह राज्य कोषालय के माध्यम से पेंशन भुगतान की व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में पेंशन फंड की अनिश्चितता समाप्त हो सके। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा कि पूर्व विद्युत मंडल के कर्मचारियों को म.प्र. सिविल सर्विसेज पेंशन रूल्स, 1976 के अनुसार पेंशन प्राप्त हो रही है, किंतु कंपनीकरण और भावी निजीकरण के बाद इसकी स्थायित्व व्यवस्था गंभीर चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने राज्य सरकार से पेंशन व्यवस्था के दीर्घकालिक समाधान हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है।

---

## रहली नपा अध्यक्ष ने दिव्यांग उषा अहिरवार को बैसाखी प्रदान की



**रहली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतने और बुंदेलखंड की बेटी क्रांति गौंड के शानदार प्रदर्शन पर नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है कि बुंदेलखंड की बेटियां भी विश्व स्तर पर अपना नाम रोशन कर रही हैं। नपा अध्यक्ष सोनी ने कहा कि क्रांति गौंड के उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित होता है कि बुंदेलखंड की बेटियां किसी से कम नहीं हैं और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इस अवसर को और खास बनाते हुए, नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने नगर के वार्ड 4 निवासी दिव्यांग उषा अहिरवार को बैसाखी प्रदान की। उन्होंने उषा अहिरवार को व्यक्तिगत और शासन स्तर पर हर संभव सहायता करने का भरोसा दिलाया।सोनी ने इस दौरान महिलाओं के आत्मनिर्भरता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नगर पालिका द्वारा समूहों के माध्यम से भी महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस अवसर पर पार्षद अमित नायक, भाजपा नेता कमल रैकवार, मस्तू खान, अमन ठाकुर, इंजीनियर शिवराम साहू,जितेंद्र प्रजापति सहित नपा अमला उपस्थित रहा।

---

## विवि के उन्नत अनुसंधान केंद्र द्वारा पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के प्रभारी कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, उन्नत अनुसंधान केंद्र (सीएआर) के द्वारा पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 16 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक, प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सीएआर में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। डॉ. विवेक कुमार पांडे (प्रभारी, सीएआर) ने सीएआर के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. विवेक प्रकाश मालवीय और डॉ. अदिति शर्मा के द्वारा बताया गया कि पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप एक महत्वपूर्ण कैरेक्टाराइजेशन तकनीक है, जिसका उपयोग खनिजों और चट्टानों का भूवैज्ञानिक विश्लेषण तथा क्रिस्टल, मिश्रधातुओं और फाइबर की सूक्ष्म संरचना की जांच करने के लिए किया जाता है। हैंड्स ऑन सत्र पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप के हार्डवेयर भाग के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ। प्रतिभागियों को सैम्पल तैयार करने, उसके विश्लेषण से लेकर डेटा व्याख्या तक की पूरी जानकारी प्रदान की गई।

---

## सिंधी कॉलोनी में श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

**सागर।** सिंधी कॉलोनी में सुबह 8 बजे निकला नगर कीर्तन सुनकर कॉलोनी की महिलाओ ने अपने अपने घरों की छतों से की पुष्प वर्षा की धन गुरु नानक सारा जग तरियां की स्वर लहरोयों से गुंजायमान हो उठा फूलों की पालकी में सजी दादी कौशल्या देवी विराजमान थी सभी लोगो ने प्रसाद दिया तो पालकी पर बैठी सेवादार ने उसी प्रसाद में और प्रसाद मिलकर उन्हें वापस दिया। मंगलवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में सिंधी समाज ने सिंधी गुरुद्वारा से सुबह 8 बजे जुलूस निकला जो पूरी कॉलोनी का भ्रमण कर बहरानी, हसरेजा गली, राजा हासानी गली, मनवानी गली, श्री कृष्णा मंदिर गली, प्रायमरी स्कूल होते हुए पुरे सिंधी कॉलोनी का भ्रमण कर खुरई रोड से शास्त्री वार्ड से वापस सिंधी गुरुद्वारा दोप 1 बजे पंहुचा सेवादार सड़कों को धुल हटाते चल रहे थे। लोग जगह-जगह फूल बरसा रहे थे गुरुद्वारा सेवादार लख्मीचंद मनवानी ने सभी सिंधी समाज का आभार माना।

---

## मनोरंजन करों की दर निर्धारण करने बैठक आयोजित



**सागर।** नगर निगम के राजस्व सभापति विनोद तिवारी की अध्यक्षता में एवं एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र खटीक, अनूप उर्मिल की उपस्थिति में बाजार विभाग की बैठक आयोजित की गई जिसमें परिषद की निर्णय अनुसार मनोरंजन करो की दर निर्धारण करने के संबंध में लिए गए निर्णय अनुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजस्व सभापति विनोद तिवारी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र स्थित सभी सिनेमाघरों, वाई-फाई कंपनी,केबिल आपरेटर की सूची वार्ड दरोगा एवं कर संग्राहकों से तैयार कर अगली बैठक में रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में बाजार विभाग प्रभारी आनंद मंगल गुरु, देवकुमार चैबे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

---

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की जिलेवासियों से अपील**

## बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा मांगी गई जानकारी को प्रदान कर भारत निर्वाचन आयोग के कार्य में सहयोग प्रदान करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने जिलेवासियों से अपील की है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आपकी मांगी गई जानकारी को प्रदान करे जिससे भारत निर्वाचन आयोग के कार्य को पूरा किया जा सके।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें आपकी समक्ष बूथ लेवल अधिकारी घर घर पहुंच कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करेगा और गणना पत्र को पूर्ण करने का कार्य भी करेगा, इस गणना पत्रक को पूर्ण करने में आप पूरी सहयोग करें जिससे कि निर्वाचन आयोग का कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके।उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में आपके द्वारा 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची के संबंध में जानकारी मांगी जाएगी एवं बुध लेवल अधिकारी के द्वारा आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी एवं गणना पत्रक भी आपके समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें आवश्यक जानकारी की पूर्ति कर एवं हस्ताक्षर कर आपको बूथ लेवल अधिकारी को वापस करना होगा।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने बताया कि सागर जिले की आठ विधानसभा क्षेत्र में 18 लाख 14792 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं जिसमें 35 बीना में 192476 मतदाता,, 36 खुरई में 214245 मतदाता, 37 सुरखी में 227013 मतदाता, 38 देवरी में 220179 मतदाता ,39 रहली में 245999 मतदाता , 40 नरयावली में 244581 मतदाता, 41 सागर में 216520 मतदाता , 42 बण्डा में 253789 मतदाता कल 18 लाख 14 हजार 792 मतदाता शामिल है। उन्होंने बताया कि जिले की 2119 बूथ लेवल अधिकारी सभी मतदाताओं के घर पहुंच कर उनसे आवश्यक जानकारी प्राप्त कर भारत निर्वाचन आयोग का कार्य पूर्ण करेंगे जिसमें आप सभी सहयोग प्रदान करें।

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/30

-:: सूचना ::-

सागर दिनांक. 28/10/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयनाता/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1221/25-26 | मोतीनगर | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथपत्र | स्व. आशारानी पति मुलायमचन्द जैन | राजेश कुमार एवं अनिल कुमार पिता स्व. मुलायमचन्द जैन |
| 2 | 1222/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | मनोहरलाल पिता बलराम, शोभा पति मनोहरलाल एवं अंकुर पिता मनोहरलाल चौरसिया | कीर्ति पति अनिल कुमार चौरसिया |
| 3 | 1223/25-26 | सुभाषनगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | अभय कुमार पिता राजकुमार जैन | माया पति गोविन्द अहिरवार |
| 4 | 1224/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | निधि पति सुनील कुमार जैन | देवेन्द्र पिता भरत सिंह राजपूत |
| 5 | 1225/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | रूकमेश पिता नारायण सेन | देवेन्द्र पिता भरत सिंह राजपूत |
| 6 | 1226/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | मनोहरलाल पिता बलराम, शोभा पति मनोहरलाल एवं अंकुर पिता मनोहरलाल चौरसिया | राकेश पिता नाथूराम चौरसिया |
| 7 | 1227/25-26 | पन्तनगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | लखनेश पिता हरिकृष्ण चढ़ार | भारती पति जयराम सोनी |
| 8 | 1228/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | निधि पति सुनील कुमार जैन | लक्ष्मी पति राजकुमार रैकवार |
| 9 | 1229/25-26 | विठ्ठलनगर | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथपत्र | स्व. सन्तोष पिता बृजलाल जाटव | प्रीति पति स्व. सन्तोष एवं मनीष, मूरत, देव एवं पलक सभी पिता स्व. सन्तोष जाटव |
| 10 | 1230/25-26 | भगवानगंज | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथपत्र | स्व. दुलीचन्द पिता छोटेलाल अहिरवार | प्रेमरानी पति स्व.दुलीचन्द एवं राजेश, अरविन्द, चन्द्रवती, गीता, रोहित, सरोज लारिया सभी पुत्र/पुत्री स्व.दुलीचन्द अहिरवार |

कृते- आयुक्त
नगर पालिक निगम, सागर

## खबर संक्षेप

### पति पर मानसिक रूप से प्रताड़ना देने का आरोप

**ललितपुर।** मंडी चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला वंशीपुरा में रहने वाली राजकुमारी पत्नी नवनीत रजक ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार की रात करीब 1।30 बजे उसका पति उसे गालियां दे रहा था। मना करने पर उसने मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी, जिससे उसका पति अपने नेहरू नगर स्थित दूसरे घर भाग गया। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति आये दिन उसे अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी, प्लाट खरीदने के लिए रुपयों की मांग करता है और मायके से रुपये न लाने पर जान से मारने की धमकी देता है। यह भी आरोप है कि नवनीत रजक उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आ रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत अन्य ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बिना बताए घर से कहीं चली गई नाबालिग

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीती 10 अक्टूबर की शाम करीब 7।30 बजे बिना बताये ही घर से कहीं चली गयी है, जो कि अब तक घर वापस नहीं लौटी है। पीड़ित ने बताया कि पुत्री की खोज उसने आस-पड़ौस के अलावा रिश्तेदारी में भी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### उधार सामान देने से मना करने पर महिला से मारपीट

**ललितपुर।** राजकीय महाविद्यालय के पास काशीराम आवास कालोनी में रहने वाली रेखा पत्नी पूरनलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह घर के सामने एक छोटा सा किराने का डिब्बा रखकर अपना व परिवार का भरण-पोषण कर रही है। आरोप है कि पड़ौस में रहने वाले अन्नि व अर्पित पुत्रगण जय बाल्मीकि ने उसकी दुकान से सामान उधार मांगा। उधार सामान न देने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी और कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शिविर के माध्यम से पशुओं का उपचार

**विदिशा।** जिले की सभी शासकीय गौशालाओं के पशुधन का समय-समय पर परीक्षण शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान निजी पशुपालकों को भी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। इसी कड़ी के तहत पठारी तहसील की ग्राम पंचायत बरखेड़ा की श्री कृष्ण गौशाला, ग्राम पंचायत बरखेड़ा में बांझपन निवारण, एआई (कृत्रिम गर्भाधान) एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पशुपालकों ने भाग लिया तथा बड़ी संख्या में पशुओं का टीकाकरण एवं उपचार किया गया। टीम द्वारा पशुओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक सलाह दी।
गई है।

### उचित मूल्य दुकानों से 16 करोड़ 4 लाख रुपए वसूली की कार्रवाई शुरू

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों की जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गई हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि गठित समितियों द्वारा की गई जांच में 390 दुकानों से कुल 16 करोड़ 4 लाख रुपए की वसूली की जानी है। कोरोना काल में वितरित खाद्यान्न की जांच में सबसे अधिक अनियमितताएं नटेरन क्षेत्र की 86 दुकानों में मिलीं, जिनसे 4 करोड़ 52 लाख रुपए की वसूली होगी। सिरोंज की 81 दुकानों से 5 करोड़ 28 लाख, गंजबासौदा से 1 करोड़ 67 लाख, विदिशा नगर से 1 करोड़ 71 लाख, लटेरी से 1 करोड़ 51 लाख तथा अन्य क्षेत्रों से भी वसूली की कार्रवाई जारी है।

---

समाधान दिवस के तृतीय दिवस को फरियादियों की समस्याओं को सुना

# कलेक्टर ने अफसरों को समस्याओं के निस्तारण कराने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नवागत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने समाधान दिवस के तृतीय दिवस को प्रातः से ही अपने कार्यालय में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना, इस दौरान उन्होंने दूर दराज क्षेत्रों से आये किसान, वृद्ध, गरीबों के प्रति अपनी संवेदनाएं दिखाते हुए उन्हे भरोसा दिया कि उनकी समस्या जल्द ही दूर होगी। इसके लिए उन्होंने अधिकतर शिकायतों में सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत वाट्सएप पर भेजकर स्वयं फोन कर निर्देशित किया कि वह शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित निस्तारण कर मुझे अवगत करायें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों एवं जन-समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध समाधान शसन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### जनसुनवाई में ये प्रमुख शिकायतें प्राप्त हुईं

किसान राधेलाल पुत्र रतनलाल अहिरवार निवासी ग्राम रोड़ा थाना कोतवाली ललितपुर ने ग्राम रोड़ा की सोसायटी पर विपक्षी जगदीश बाबू पर खाद न देने, कालाबाजारी करने और मारपीट करने सम्बंधी शिकायत की, जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए एआर कॉपरेटिव को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार से अजय प्रताप सिंह बुन्देला पुत्र गजेन्द्र सिंह बुन्देला निवासी ग्राम आलापुर ने फसल बीमा योजना के तहत बैंक द्वारा प्रीमियम की राशि काटने के बाद भी पॉलिसी नम्बर न दिये जाने की शिकायत की, जिस पर उप निदेशक कृषि को कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये गए।ग्राम नाराहट निवासी शिकायतकर्ता ने उसकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण कराने की शिकायत की है, जिसके सम्बंध में एसओसी व एसओ नाराहट को संयुक्त टीम के साथ परीक्षण कराकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। उक्त के अतिरिक्त बुन्देखण्ड विकास सेना द्वारा बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के सम्बंध में ज्ञापन दिया गया, जिसको जिलाधिकारी ने उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह व जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल उपस्थित रहे।

## पीड़ित को त्वरित न्याय के लिए महिला जनसुनवाई 6 को




**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया कि महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व पीढ़ति को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु अर्चना पटेल सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा 6 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे विकास भवन में महिला जनसुनवाई की जाएगी और इसके उपरान्त द्वितीय सत्र में जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें महिलाओं के अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। शिकायतकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे अपने साथ शिकायती प्रार्थना पत्र, मोबाइल नम्बर, आईडी प्रूव आधारकार्ड आदि की छायाप्रति अवश्यक लायें।

## बुजुर्ग महिला की एसपी ने सुनी समस्या, निस्तारण के लिए दिए निर्देश



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो।मुश्ताक ने पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी। जनसुनवाई के दौरान एक 75 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस में आयीं। उक्त बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने उनके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूंछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना। उक्त बुजुर्ग महिला की पारिवारिक जमीन सम्बन्धी शिकायत थी, जिसको लेकर वह शिकायत करने आयी थीं। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत का त्वरित व उचित निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बुजुर्ग महिला ने पुलिस अधीक्षक को हृदय से दुआएं दी ।

---

अमृता मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज में...

## विद्यार्थियों ने पाठशाला में बच्चों को भविष्य हेतु मोटिवेट किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अमृता हॉस्पिटल के प्रांगण में विगत 4 से अधिक वर्षों से चलने वाली अमृता पाठशाला में लिटरेरी क्लब ऑफ़ अमृता के ऊर्जावान विद्यार्थियों ने रविवार 2 नवम्बर को पाठशाला में आकर बच्चों को सुखद भविष्य हेतु मोटिवेट किया। उन्हें अच्छी तरह हाथ धोना, पैरों को साफ कारना, साफ कपडे पहिनना व शुद्ध भोजन का महत्त्व बताया। फिनाइल डालकर पौछा लगाना बताया। सभी बच्चों को सुन्दर जारकिन दीं ताकि सर्दी में उन्हें परेशानी न हो।

#### खाने को स्वादिष्ट कचोरी व टॉफी दी

उनकी कक्षा को और आनंद दायी बनाने के लिए मोटे कम्बल व चादरें उन्हें बैठने को दीं। भविष्य में वे क्या बनना चाहते हैं, जानकर भविष्य हेतु मार्गदर्शन दिया। बच्चों को उत्साह वर्धन हेतु मनोरंजक खेल खिलाये। बच्चों ने बढ़े उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। आज ही प्रिय विनायक राठौर का जन्मदिन पाठशाला में मनाया गया। बच्चों को मीठी खीर खिलायी गयी। आज लिटरेसी क्लब ऑफ़ अमृता के सदस्यों में भावी डॉक्टर, इंजिनियर, नर्सिंग सदस्यों में कुमारी मनु श्री, प्रणय कुमार, हर्ष वर्धन, अनंत कृष्णन, देविका, दीप्ति शाह, मीनाक्षी, नितिशा आदि रहे। अमृता पाठशाला की प्रध्यापिका श्रीमती पूनम रानी ने सभी का स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि अमृता हॉस्पिटल के प्रांगण में विगत 4 से अधिक वर्षों से काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों को यहाँ मुफ्त शिक्षा, भोजन, वस्त्र, चिकित्सा व संस्कार प्रदान किये जा रहे हैं। अम्मा की असीम अनुकम्पा व स्वामी निजामृता नंद पुरी , सत्यानंद मिश्रा ईडी प्रोजेक्ट, कर्नल गोपाल कृष्णन सुरक्षा निदेशक आदि के मार्गदर्शन में यह पाठशाला सुचारु रूप से कार्यरत है।

#### नामदेव महाराज की जयंती पर शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**विदिशा।** माधवगंज चौराह से संत नामदेव महाराज की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु, महिला मंडल और युवा वर्ग शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बंटी नगर स्थित नामदेव धर्मशाला पर समाप्त हुई। रथ पर सजी संत नामदेव महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं और महिलाओं के पारंपरिक नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

---

दूध डेयरी के पास टैक्सी का इंतजार कर रहे थे

## पिकअप की टक्कर से पुत्र व सास हुई थी घायल न्यायालय के आदेश पर किया मुकद्दमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कड़ेसराकलां निवासी वीरवती पत्नी स्व सुनील कुमार ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। न्यायालय को वीरवती ने बताया कि 8 नवम्बर 2024 को उसका पुत्र अंकित व सास शान्ति तालबेहट के बाजार सामान लेने जा रहे थे।

सुबह करीब 9 बजे कड़ेसरा कलां स्थित दूध डेयरी के पास टैक्सी का इंतजार कर रहे थे, तभी पीछे से आ रही पिकअप सं। यू।पी।94 ए।टी। 0130 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुये उसके पुत्र अंकित व सास शांति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों दूर जा गिरे और घायल हो गये। ग्रामीणों ने उसे घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची, जहां दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां अंकित के पैर का ऑपरेशन हुआ। मामले की शिकायत उसने थाना तालबेहट व पुलिस अधीक्षक से की, लेकिन कार्यवाही न होने पर उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली तालबेहट पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### खेत जोतने को लेकर भाइयों में मारपीट

*ललितपुर। ग्राम तेरई फाटक निवासी सुरेश कुशवाहा पुत्र ललन्जू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार को अपराह्न करीब 12 बजे वह घर के दरबाजे पर खड़ा था। तभी खेत जोतने के विवाद को लेकर उसका भाई नन्दू कुशवाहा, भाभी राजकुमारी एकराय होकर आये और उसे व उसकी पत्नी रामवती कुशवाहा के साथ लाठी-डण्डा व लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। आरोप है कि थाने में शिकायत करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

## मऊठाना मोहल्ला में दो पक्षों के बीच विवाद में चले पत्थर, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

गाली गलौज और अभद्र व्यवहार करने को लेकर हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सदर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला मऊठाना निवासी मुन्नी पत्नी संजू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते रविवार को अपराह्न करीब साढ़े बारह बजे वह अपने घर पर थी, तभी मोहल्ले के धीरज पुत्र ओमी, संगीता पत्नी धीरज, गनेश व रामवती एकराय होकर आये और गालियां देते हुये अभद्र व्यवहार करने लगे।

आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों, पत्थर व खण्डा से मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गयी और शरीर में अंधरूनी चोटें भी आयीं हैं। शोरगुल सुनकर बचाने आये उसके पति संजू, पुत्री सलौनी, राधिका व निकुन्ज के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान उसका मंगलसूत्र भी गिर गया, जो कि नहीं मिला। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से धीरज पुत्र ओमप्रकाश कुशवाहा ने भी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि संजू कुशवाहा पुत्र लल्लू व उसके परिवार ने कचरा डालने के विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट करते हुये ईंट सिर में दे मारी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### बाइक के पहिया में लाठी फंसाकर घायल करने का आरोप

**ललितपुर।** मड़ावरा के ग्राम हंसरी निवासी सिसपाल पुत्र करन सिंह ठाकुर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि वह अपना खेत बोने के लिए गया हुआ था, जहां पर ट्रैक्टर खराब होने के कारण वह पाना लेने के दुकान आया हुआ था, जहां राजकुमार पुत्र हम्मीर सिंह ठाकुर ने उसकी मोटर साइकिल में लाठी फंसा दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। आरोप है कि उलाहना देने पर राजकुमार ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राजकुमार के एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

## नेमा समाज ने 56 भोग लगाए समाज रत्न पुरस्कार की शुरुआत



**विदिशा।** नेमा समाज ने रविवार को बांसकुली स्थित धर्मशाला में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। यह आयोजन पिछले 10 वर्षों से निरंतर हो रहा है, जिसमें इस वर्ष भी समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धर्मशाला परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में 56 भोग की महाप्रसादी अर्पित की गई। इस अवसर पर समाज की वार्षिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन किया गया। समाज ने इस वर्ष से 'समाज रत्न पुरस्कार' की नई पहल शुरू की है, जिसके तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा। इस निर्णय का उपस्थित लोगों ने तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक और जनपद अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में समाजजन, नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बुंदेलखंड विकास सेना ने अलग राज्य की मांग का प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

## भाषा के आधार पर ही बुंदेलखंड प्रांत मंजूरः कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुंदेलखंड विकास सेना ने बुंदेलखंड अलग राज्य की मांग को लेकर एक ज्ञापन बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से संबोधित नवागत जिलाधिकारी महोदय को सौंपा ।

बु। वि। सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि महाराजा छत्रसाल का राज्य जहाँ जहां तक फैला था वहीं असली बुन्देलखण्ड है । उन्होंने कहा कि राज्य पुनर्गठन आयोग का मूल मानक है कि राज्यों का बंटबारा स्थानीय बोलियों के आधार पर किया जाना चाहिए । अतः बुन्देलखण्ड से अलहदा कोई दूसरा क्षेत्र जोड़ा जाता है तो यह बुन्देलखण्डवासियों के साथ घोर नाइंसाफी होगी । ज्ञापन में कहा गया है कि बुन्देलखण्ड के महत्व को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री पं



जवाहरलाल नेहरू ने विन्ध्य प्रदेश बनाया था अतः तभी से इसके विस्तार की चर्चा होती चली आ रही है । अब और इन्तजार किसी भी तरह से तार्किक नहीं है क्योंकि देश की ठसाठस आबादी के दो पाटों के बीच में खाता-पीता वर्ग तो अपना काम जैसे-तैसे चला लेता है किन्तु कोटि कोटि किसान और मजदूर तथा अन्य असंगठित कामगार भगवान भरोसे चल रहे हैं । अतः विकास की दौड़ में हांफता हुआ बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के ऑक्सीजन सपोर्ट की अबिलम्ब दरकार की आस लगाये हुए है ।

#### वर्षो से उपेक्षित भौतिक सुख सुविधाओं से वंचित है

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि हमारा बुन्देलखण्ड का उ। प्र। और म। प्र। का क्षेत्र वर्षो से उपेक्षित भौतिक सुख सुविधाओं से वंचित है। यह क्षेत्र कभी सूखा, कभी अतिवृष्टि, सामंतशाही, बेरोजगारी, भुखमरी, उद्योग शून्यता का दंश वर्षों से झेल रहा है। केन्द्र सरकार विजन 2047 के समृद्धशाली भारत का लक्ष्य लेकर चल रही है परन्तु बिना पृथक बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के यह संभव नहीं है। ज्ञापन पर बु। वि। सेना के वरिष्ठ सदस्य महेन्द्र अग्निहोत्री , सुदेश नायक , राजकुमार कुशवाहा , अमरसिंह बुन्देला ,विनोद साहू , पवन शर्मा, पुष्पेन्द्र राजा, प्रदीप साहू, पुष्पेन्द्र शर्मा, विक्की, कैलाश पटेल, टिंकू सोनी , लालचंद रजक, गफूर खां, परमानंद विश्वकर्मा, खुशाल बरार , प्रदीप पंडित, मिलन, आदि हस्ताक्षर हैं।

---

लटेरी परिक्षेत्र में अवैध फसलों पर चला बुलडोजर, विभाग ने गड्ढे करके बबूल के बीज बो दिए

## वन विभाग ने 25 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वन विभाग की सक्रियता से लटेरी वन परिक्षेत्र की करीब 25 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव के निर्देश पर की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी लटेरी दक्षिण विवेक चौधरी के नेतृत्व में बीट मुंडेला के कक्ष क्रमांक पी–383 में 12 अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अवैध रूप से बोई गई फसलों को तीन जेसीबी मशीनों की सहायता से नष्ट किया गया। इसके बाद भूमि पर कंटूर बनाकर बबूल के बीज बोए गए और सीमा पर पशु अवरोधक खंती तैयार की गई, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। गौरतलब है कि इन अतिक्रमणकारियों ने 18 मार्च 2024 को वन अमले से विवाद किया था, जिसके संबंध में थाना लटेरी में प्राथमिकी दर्ज है। इस कार्रवाई में एसडीओ (वन) हिमांशु त्यागी, एसडीओपी लटेरी, थाना प्रभारी लटेरी, तहसीलदार लटेरी सहित पुलिस बल और राजस्व अमला मौजूद रहा। वनमंडलाधिकारी श्री यादव ने कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जा या खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वन विभाग द्वारा ऐसे अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा ।



**विदिशा।** वन विभाग ने भारी संख्या में बल की मौजूदगी में जेसीबी से कराए गड्ढे।

## बीएलओ को दे रहे एसआईआर प्रक्रिया का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए जिले के सभी बीएलओ को अनुविभाग स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों को शुद्ध, स्वच्छ और पारदर्शी बनाना है। इस विशेष अभियान के तहत मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, स्थायी रूप से निवास बदलने वालों के नाम व फर्जी पंजीकरण निरस्त करना प्रमुख उद्देश्य हैं। पंजीकरण प्रक्रिया के लिए प्रत्येक मतदाता को अपना फॉर्म भरने से पहले दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तैयार रखना आवश्यक है। बीएलओ द्वारा मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करवाया जाएगा, जिसे निर्धारित समयसीमा में आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा करना होगा। निर्वाचन आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है।

### स्कूल में लाने फोन कॉल करने पर शिक्षकों को मिल रही धमकी

# जिले के स्कूलों से गायब हुए 28 हजार बच्चों को तलाशने में छूट रहे पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिले के सरकारी स्कूलों से गायब हुए 28 हजार 240 बच्चों को तलाशने में शिक्षकों को पसीने छूट रहे हैं। बड़ी संख्या में स्कूलों से बाहर इन बच्चों को हर हाल में उनके नजदीक वाले स्कूल में भर्ती करने के मिले निर्देश के तहत जिले में ड्रॉप आउट बच्चों को तलाशने का अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस अभियान में कुछ शिक्षकों को तो बच्चा उठाने वाला गिरोह समझ कर धमकियां भी मिल रही हैं। ऐसी धमकियों पर अधिकतर शिक्षक अपने वरिष्ठ कार्यालय को सूचना देकर कर्तव्य से इतिश्री कर रहे हैं लेकिन कुछ शिक्षक डर कर पुलिस की मदद भी ले रहे हैं।

ऐसा ही मामला मंगलवार को उस समय सामने आया जब उत्कृष्ट स्कूल की एकीकृत शाला मिडिल स्कूल क्रमांक 1 में किसी ड्रॉप आउट बच्चे को कॉल लगाने के बाद उसके अभिभावक ने रिटर्न कॉल कर शिक्षक को जान से मारने की धमकी देते हुए गलियों से नवाज दिया। डरे सहमे शिक्षक और स्टाफ ने कोतवाली पुलिस में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

सरकारी स्कूलों में पंजीकृत 6 से 14 वर्ष तक के वो बच्चे जो किसी भी स्कूल में पढ़ने नहीं जा रहे हैं उन्हें तलाशकर नजदीक के स्कूल में भर्ती करने के निर्देश सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को दिए गए हैं। सभी सरकारी स्कूलों में संबंधित स्कूल से जुड़े क्षेत्र के बच्चों की सूची भेजी गई है जिनमें संबंधित बच्चों के अभिभावक का मोबाइल नंबर भी डाला गया है। उक्त बच्चों को तलाशने के लिए शिक्षक स्कूलों में अपने मोबाइल से संबंधित बच्चे के अभिभावक को कॉल कर जानकारी ले रहे हैं और बच्चे को बुलाकर स्कूल में भर्ती कराने का काम कर रहे हैं जरूरत पड़ने पर संबंधित के घर पहुंचकर मान मुनव्वल भी की जा रही है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर इस काम को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है सभी शिक्षक ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल में भर्ती करने का काम प्राथमिकता से करते दिख रहे हैं। श्योपुर जिले में ऐसे 28240 बच्चों की सूची भेजी गई है जो स्कूलों से बाहर हैं उन्हें स्कूल में भर्ती करने में शिक्षकों के पसीने छूट रहे हैं युद्ध स्तर पर काम करने के बाद भी फिलहाल प्रगति रिपोर्ट 50 फीसद तक नहीं पहुंची है। उधर फोन कॉल को अभिभावक फर्जी कॉल मानकर शिक्षकों से बाद विवाद भी कर रहे हैं।

#### शिक्षकों ने कोतवाली पहुंचकर दिया आवेदन

मंगलवार को ड्रॉप आउट बच्चों की सूची निकालकर उन्हें उनके अभिभावकों को कॉल लगाकर बुलाने और बच्चों को स्कूल में भर्ती करने का काम करने के दौरान मिडिल स्कूल क्रमांक 1 के एक शिक्षक ने जब किसी अभिभावक को फोन लगाया तो पहले तो अभिभावक ने ठीक से जवाब नहीं दिया और फोन काट दिया। बाद में दूसरे नंबर से अभिभावक के दूसरे रिश्तेदार ने फोन लगाकर बोला कि मैं बच्चों का नाना बोल रहा हूं तू बच्चा उठाने वाले गिरोह का सदस्य है। मेरे बच्चे को उठाने के लिए फोन लगा रहा है मैं वहीं आकर डंडों से पिटाई लगा दूंगा। यही नहीं कई तरह की गालियां भी संबंधित ने शिक्षक को दी। उधर शिक्षक अभिभावक से असंसदीय भाषा का उपयोग न करने की गाली न देने की समझाइश ही देता रहा पर संबंधित धमकी पर धमकी ही और गाली देता रहा जिससे घबराए अभी शिक्षकों ने आवेदन बनाकर कोतवाली पर देते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

#### अभी तक तलाशे गए बच्चे

| ब्लॉक | टारगेट | तलाशे | फीसद |
|---|---|---|---|
| कराहल | 7232 | 3616 | 50 |
| श्योपुर | 11699 | 6886 | 58 |
| विजयपुर | 9309 | 1488 | 15 |
| कुल | 28240 | 11990 | 42 |

#### इनका कहना..


जिले में 28240 ड्रॉप आउट बच्चों की सूची शासन से मिली है। बच्चों को तलाशकर उन्हें नजदीक के स्कूल में भर्ती कराया जा रहा है। अभी तक 11990 बच्चों को विभिन्न स्कूलों में एडमिशन दिलाया जा सके।

एमएल गर्ग
डीईओ श्योपुर

### युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले भाजपा मंडल अध्यक्ष पर भी करो एफआईआर

# अभद्र टिप्पणी वाले के समर्थन में आई युवा कांग्रेस, थाने पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



सोशल मीडिया पर भाजपा को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में हुई एफआईआर के खिलाफ युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को देहात थाना के बाहर धरना देकर विरोध दर्ज कराया। साथ ही भाजपा प्रेमसर मंडल अध्यक्ष पर भी एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए एसपी के नाम ज्ञापन एसडीओपी को सौंपा।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि जिस तरह सोशल मीडिया पर भाजपा के खिलाफ किसान द्वारा पोस्ट डालने पर एफआईआर दर्ज की गई है उसी तर्ज पर भाजपा प्रेमसर मंडल अध्यक्ष पर भी एफआईआर दर्ज की जाना चाहिए। युवा कांग्रेस नेताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट की स्क्रीन शॉट वाली छाया प्रति भी संलग्न की थी। एसडीओपी के आश्वासन के बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देहात थाने के सामने लगाया धरना प्रदर्शन खत्म किया।

सोमवार की शाम भाजपा नेताओं के आवेदन पर से कोतवाली पुलिस ने विराट रावत निवासी लूंड नामक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाए थे कि विराट ने सोशल मीडिया पर भाजपा के प्रति अभद्र शब्द लिखे हैं। इसी एफआईआर का विरोध करते हुए मंगलवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देहात थाने के बाहर धरना दिया और नारेबाजी की। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता और देहात थाना प्रभारी शशि तोमर को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा ने बताया कि किसान विराट मीणा का अपने खेत में बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल के कारण मानसिक संतुलन खोया हुआ था इसलिए उसने आवेश में आकर सोशल मीडिया पर अपने मन की भड़ास निकाली है। चूंकि देश ओर प्रदेश में भाजपा की सरकार है इसलिए किसान अपना दुख सरकार और उसके सहयोगी संगठन के सामने व्यक्त करेंगे पर इस मामले में भाजपा नेताओं ने किसान को राहत दिलाने के बजाए उसके खिलाफ एफआईआर करा दी।

जिलाध्यक्ष मीणा ने बताया कि अगर पुलिस इस तरह से सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सकती है तो प्रेमसर के भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करना चाहिए उन्होंने भी कांग्रेस के खिलाफ शर्मनाक अभद्र पोस्ट डाली है। इस पोस्ट को बताने के बाद एसडीओपी ने युवा कांग्रेसियों को आश्वासन दिया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष पर भी एफआईआर दर्ज की जाएगी भेदभाव नहीं बरता जाएगा। इस आश्वासन के बाद युवा कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

# सहायक ग्रेड 3 के पद पर मिली अनुकंपा नियुक्ति, कलेक्टर ने सौंपे नियुक्ति आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



काफी समय से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्यवाही करते हुए दो लोगों को सहायक ग्रेड 3 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के आदेश प्रदान किए।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सीमा शर्मा पत्नि स्व. पुरूषोत्तम शर्मा निवासी मधुवन कॉलोनी श्योपुर को राजस्व स्थापना के अंतर्गत कार्यालय तहसीलदार तहसील श्योपुर में अनारक्षित जाति प्रवर्ग में सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पद पर नियुक्ति का आदेश प्रदान किया गया। सीमा शर्मा के पति स्व. पुरूषोत्तम शर्मा की प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुम्हारपुर की शासकीय सेवा में रहते हुए वर्ष 2022 में मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार आदित्य जादौन पुत्र स्व. रणजीत सिंह जादौन निवासी ग्राम पांचो तहसील वीरपुर को राजस्व स्थापना के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय श्योपुर में अनारक्षित जाति प्रवर्ग में सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। आदित्य जादौन के पिता स्व. रणजीत सिंह जादौन की प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय एकीकृत शाला गोहर की शासकीय सेवा में रहते हुए वर्ष 2022 में मृत्यु हो गई थी। अनुकंपा नियुक्ति के उक्त दोनो प्रकरण वर्ष 2022 से लंबित थे, जिस पर कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा संवेदनशीलता से कार्यवाही करते हुए अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई।

# विजयपुर में तीन मंजिला मकान गिरा मलवे में दबी महिला गंभीर घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयपुर

मंगलवार को विजयपुर में घनी बस्ती के बीच एक तीन मंजिला मकान गिरने से एक महिला भी दब गई। जिसे पुलिस ने बस्ती वासियों के सहयोग से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जिसे हालत गंभीर होने के चलते ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है। भवन के गिरने का कारण उसका जर्जर होना और लगातार हो रही वर्षा को बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार विजयपुर के गांधी चौक के पास दोपहर करीब 2:30 बजे डालचंद मित्तल नामक व्यवसाई का तीन मंजिला मकान भर भराकर गिर गया। घनी बस्ती में मकान गिरने से अफरा तफरी मच गई लोग इधर-उधर बचकर भागने लगे इस दौरान किसी ने बताया कि मकान की ऊपरी मंजिल पर मकान मालकिन कुसुम देवी 62 साल सो रही थी पुलिस को फोन किया गया मौके पर पहुंची पुलिस ने बस्ती वासियों के सहयोग से मलवे को हटाकर उसमें दबी महिला को बाहर निकाला घायल अवस्था में महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में भर्ती कराया गया है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया। विशेष बात यह है कि जिस समय मकान गिरा उस समय गिरे मकान के पास ही एक और नया भवन बन रहा था जहां बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे गनीमत यह रही कि भवन गिरने से मजदूरों को चोट नहीं आई वरना हादसा गंभीर भी हो सकता था। इस दौरान एसडीओपी राघवेंद्र तोमर और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था।

#### खुली नगर परिषद की पोल

जर्जर भवन के गिरने से नगर परिषद की पोल भी खुल गई है। दरअसल सरकार ने नगर परिषद को वर्षा काल से पूर्व जर्जर भवनों को चिन्हित कर संबंधित भवन स्वामियों से उसे गिराने अथवा मेंटेनेंस कराने के निर्देश दिए थे इस क्रम में नगर परिषद ने जर्जर भवनों को चिन्हित करने और उनके मालिकों को नोटिस देने के औपचारिकता तो कर ली लेकिन जर्जर भवनों को न तो डिस्मेंटल कराया न मेंटेनेंस। इसकी बानगी उक्त भवन है जो आज भर भराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि जिस समय भवन गिरा उस समय परिवार के लोग घर के भीतर नहीं थे और बस्ती में भी लोग भवन के आसपास नहीं थे अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी।

#### इनका कहना है...

गांधी चौक के पास तीन मंजिला भवन जो जर्जर था लगातार हो रही बारिश के कारण गिर गया। भवन के मलबे में एक महिला दब गई थी जिसे पुलिसकर्मियों ने बस्ती वासियों की मदद से सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की है। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया।

राघवेंद्र सिंह तोमर
एसडीओपी विजयपुर

# पत्रकार जुगल शर्मा को मातृ शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पत्रकार जुगल शर्मा को मातृ शोक हुआ है उनकी माता धन्ना बाई का निधन मंगलवार तड़के हो गया। वह कुछ समय से बीमार चल रही थीं। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 3:30 जिन निवास चूड़ी मार्केट से निकाल कर बड़ौदा रोड स्थित श्मशान घाट ले जाया गया जहां हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार उनका दाह संस्कार किया गया।



#### पोषण सत्रो का निरीक्षण, अनुपस्थित एएनएम सहित दो को नोटिस

श्योपुर। मंगलवार को जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा एवं डीपीएम एनएचएम डॉ हेमंत रावत, डीसीएम अमित श्रीवास की टीम द्वारा गोरस, आवदा, कालीतलाई एवं बुखारी ग्रामों में पोषण सत्र गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। ग्राम गोरस में सत्र निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर एएनएम हेमलता मांझी तथा ग्राम बुखारी में एएनएम मुन्नी तोमर के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। इस दौरान टीम द्वारा आवदा में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर आयोजित माता बैठक के आयोजन के दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में आवश्यक परामर्श दिए गए, जिनमें समुचित पोषण आहार, आयरन की गोलियों का सेवन, नियमित प्रसव पूर्व जांच, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उपचार एवं अस्पताल में संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने जैसे बिंदु शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान सभी उपस्थित महिलाओं को आयरन एवं कैल्शियम की गोलियाँ वितरित की गईं। जिला स्तरीय टीम द्वारा इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करना है

### पुलिस कंट्रोलरूम की घटना, एक नामजद, 4 अज्ञात समेत 5 पर एफआईआर

# पहले कार में पीछे से मारी टक्कर, फिर डंडे और पत्थरों से कर दी तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर की पुरानी पुलिस लाइन स्थित पुलिस कंट्रोलरूम में खड़ी कार में दूसरी कार में सवार युवक ने पहले पीछे से टक्कर मार दी, इसके बाद अपने चार साथियों के साथ पहुंचकर कार में डंडे और पत्थरों से तोड़फोड़ कर दी। यह मामला सोमवार की रात का है। पुलिस ने एक नामजद और चार अज्ञात समेत पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि लाखन सिंह मीणा पुत्र पहलवान मीणा निवासी कुम्हार मोहल्ला वार्ड क्रमांक 17 श्योपुर ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार की रात करीब साढे दस बजे की बात है,जब मैने अपनी कार को पुलिस कंट्रोलरूम में खडा कर दिया,तभी मेरी कार के पीछे स्कार्पियों से आ रहे अंकुश मीणा पुत्र स्व रामअवतार मीणा निवासी राजीव गांधी स्कूल के सामने श्योपुर ने अपनी स्कार्पियों गाडी से मेरी कार में टक्कर मार दी और फिर मुझसे गाली गलौच करके भाग गया। आधे घंटे के बाद अंकुश मीणा अपने चार साथियों के साथ फिर से पुलिस कंट्रोलरूम में पहुंचा और मेरी कार में डंडे और पत्थर बरसाकर उसमें तोड़फोड़ कर दी। कोतवाली पुलिस ने लाखन सिंह मीणा की रिपोर्ट पर अंकुश मीणा तथा 4 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### लाखों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर अर्जित करेंगे पुण्यलाभ

# रामेश्वर मेले में पहुंचे श्रद्धालु, मुख्य स्नान पर्व आज एकाकार होगी मप्र और राजस्थान की संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम श्योपुर जिले का ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है। यहां चंबल, बनास और सीप नदियों का पवित्र संगम हुआ है। यहां कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल धार्मिक मेला मंगलवार से आरंभ हो गया है। त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम के दोनो किनारों पर लगने वाले इस धार्मिक मेले में लाखों की संख्या में मप्र और राजस्थान के श्रद्धालु उमड़ेंगे और त्रिवेणी संगम में मुख्य स्नान पर्व के दौरान आस्था की डुबकी लगाकर पुण्यलाभ अर्जित करेंगे, मुख्य स्नान पर्व 5 नवंबर बुधवार को रहेगा। इस दौरान यहां मप्र और राजस्थान की संस्कृति एकाकार होती दिखेगी।

मानपुर थाना क्षेत्र स्थित त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम पर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक जनपद पंचायत श्योपुर के तत्वावधान में आयोजित होगा। जनपद पंचायत श्योपुर द्वारा इस धार्मिक मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मेला स्थल पर दुकाने सज गई है। मंगलवार से ही इस मेले में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मुख्य स्नान पर्व रहेगा, इसलिए 5 नवंबर को यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान करने के लिए जुटेंगे। स्नान और दानपुण्य के बाद यहां विराजित भगवान रामेश्वर महादेव और भगवान लक्ष्मीनारायण के दर्शन करेंगे। इस दौरान कई श्रद्धालु नौका विकार का आनंद लेते हुए राजस्थान में सीमा में विराजित भगवान चतुर्भुत नाथ के दर्शन करेंगे। इसके लिए जनपद पंचायत प्रशासन के द्वारा नाव का ठेका दे दिया गया है और दो नाव यहां मौजूद भी है। नाव में श्रद्धालु पूरे सुरक्षा इंतजामों के साथ बैठकर दूसरी पार जाए, इसके लिए पुलिस की निगरानी भी रहेगी। उधर राजस्थान के हजारो श्रद्धालु भी भगवान चतुर्भुज नाथ के दर्शन करने के उपरांत नाव के जरिए नदी पार करके मप्र सीमा में स्थित भगवान रामेश्वर महादेव और भगवान लक्ष्मीनारायण के दर्शन करने के लिए आएंगे।

#### 170 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा का मोर्चा

मेला स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। बताया गया है कि मेला स्थल पर 170 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है जो तीन दिन तक मेला स्थल सहित स्नान घाट आदि स्थानों पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का मोर्चा का संभालेगे। मेले की सुरक्षा के लिए एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा एएसपी प्रवीण भूरिया को मेला सुरक्षा प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। उनके सहयोगी के रूप में एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता और होमगार्ड कंपनी कमाण्डर मेला स्थल पर तैनात रहेंगे।

#### एसपी बोले सुरक्षा प्रबंध होंगे, तभी होगा नाव का संचालन

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल का कहना है कि मेला स्थल पर सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम कर दिए गए है। नाव के संचालन में भी पुलिस की पूरी निगरानी रहेगी। इस दौरान नाव संचालन करने वाले लोगों के पास पूरे सुरक्षा प्रबंध रहेगे,तभी नावों का संचालन जारी रखा जाएगा,सुरक्षा इंतजामों के बिना नावों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

#### जनपद अध्यक्ष और मेला अध्यक्ष ही फीता काटकर करेंगी मेले का शुभारंभ

रामेश्वर मेले में यू ंतो श्रद्धालुओं का पहुंचना मंगलवार से ही हो गया है। लेकिन इसका विधिवत शुभारंभ 5 नवंबर को मुख्य स्नान पर्व के दिन ही रहेगा। बताया गया है कि मेले का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष रीना मीणा और मेला अध्यक्ष रामपति गुर्जर फीता काटकर करेगी। इसी दिन से रात्रिकालीन समय में यहां रासलीला का आयोजन भी होगा। वृंदावन से आने वाली रासलीला मंडली तीन दिन यही रूककर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन करेगी। 7 नवंबर को मेले में दंगल का आयोजन भी होगा, जिसमें मप्र और राजस्थान के कई नामी गिरामी पहलवान अपनी कुश्ती का प्रदर्शन करने के लिए आएंगे, इसी दिन में मेले का समापन समारोह भी रहेगा।

# मंडी में व्याप्त समस्याओं को जल्द सुधारे प्रशासन अन्यथा किसान कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जैदा स्थित कृषि उपज मंडी श्योपुर में व्याप्त किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने मंगलवार को मंडी प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है और किसानों की समस्याओं को जल्द दूर करवाए जाने की मांग की है। इसके साथही समस्याओं को जल्द न सुधारे जाने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जसवंत मीणा की अगुवाई में मंडी सचिव के नाम दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मंडी प्रांगण में कई तरह की अव्यवस्थाएं निर्मित बनी हुई है,जिसकारण फसल बेचने के लिए मंडी आने वाले किसानों को कई तरह की परेशानी आ रही है। मंडी प्रांगण में बने टीनशेडो में व्यापारियों का माल रखा हुआ है,जिसकारण बारिश आने पर किसानों की बिकने के लिए आने वाली फसल भीगकर खराब हो जाती है। इसलिए टीनशेडो को व्यापारियों से जल्द ही खाली करवाकर उन्हें किसानों के लिए उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि मंडी परिसर में किसानों के पर्याप्त पेयजल,प्रकाश और ठहरने की उचित व्यवस्था करवाते हुए किसानों को उनकी फसल का वाजिव दाम भी दिलवाया जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा, राममिलन मीणा सोंईकलां सहित अन्य कई किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता व किसान मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से 25 वर्षीय युवक की मौत

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत ग्राम राजतला निवासी 25 वर्षीय युवक अंकेश पुत्र ओमकार कुशवाह को करंट लगने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने जांच करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। कुछ माह पहले ही युवक की शादी हुई थी। युवक के पिता ओमकार कुशवाह ने बताया कि मेरा पुत्र खेत में पानी देने के लिए मोटर चालू करने गया था मोटर के तार जोड़ते समय उसे करंट लग गया। जैसे ही हमे करंट लगने की जानकारी मिली तो तुंरत हम अस्पताल उपचार कराने के लिए पहुंचे जहां पहुंचकर पता चला कि वह मृत हो चुका है।

### तबियत खराब होने से नवविवाहिता की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम मढ़ी बुजुर्ग निवासी मुस्कान पति देवेन्द्र वंशकार को अचेत अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने जांच करने के बाद उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला के पिता ग्राम खजूरिया निवासी बबलू वंशकार ने विलखते हुए बताया कि मेरी बेटी का फोन आया था कि वह अपनी भाभी के यहां हुए पुत्र के डस्टोन में आने की बोल रही थी। पर मैने उसे समझाया था कि में दो दिन बाद लेने आउंगा। इसी दौरान पुनः हमारे दामाद का फोन आया कि मुस्कान की तबीयत खराब हो गई है उसने दत्ती बांध ली है। मैं अपनी ससुराल गया हुआ था कि मैने कहा कि डॉक्टरों को दिखाओं इसके बाद फोन नहीं आया। मुझे बेटी ने सुबह 5 बजे मुझसे बात की थी तब बताया था कि उसके पति, सास, जेठ, ससुर ने उससे मारपीट की थी और जब मैं उसे देखने अस्तपाल आया तब मेरी बच्ची मृत अवस्था में पड़ी हुई थी।

### हार्वेस्टर से युवक का पैर कटा

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत हार्वेस्टर से एक 25 वर्षीय युवक अजय पुत्र चैनसिंह का पैर कट जाने के बाद उसे उपचार हेतु भोपाल ले जाया गया है। घटना के बारे में बताया गया है कि विक्की यादव के खेत में धान की कटाई चल रही थी। जब अजय हार्वेस्टर को बंद करके टेंक में धान निकालने गया था। उसी दौरान किसी ने हार्वेस्टर चालू कर दिया। घटना के बाद अजय को जिला अस्पताल लाया गया जिसके बाद उसे भोपाल ले जाया गया।

### प्रशासन से अनाथ बच्चों को मिला संबल

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले के एक ग्राम में तीन बालक अपनी वृद्ध दादी के साथ निवास कर रहे थे। बालकों के माता-पिता के निधन के पश्चात उनका संपूर्ण पालन-पोषण उनकी दादी द्वारा किया जा रहा था, जो स्वयं विधवा एवं अत्यंत निर्धन स्थिति में जीवन-यापन कर रही थीं। सीमित संसाधनों के कारण बच्चों की शिक्षा, भोजन एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में दादी को निरंतर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

## अमोला पुलिस ने बरामद की 7 पेटी देशी शराब, एक युवक गिरफ्तार

# पुलिस ने अंचल में मदिरा माफिया पर कसा शिंकजा, दो तस्कर दबोचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

अमोला थाना पुलिस ने रविवार रात कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू परमार (37) निवासी अमोलपठा मजरा बांसभेरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 पेटी देशी प्लेन शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। जब्त माल की कुल कीमत करीब 98,500 बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब, गांजा और स्मैक विक्रेताओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में की गई। अमोला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता, चौकी प्रभारी अभिमन्यु राजावत व पुलिस टीम की मुख्य भूमिका रही।



### कार में 6 पेटी देशी शराब बरामद, एक तस्कर भी गिरफ्तार

**फिजीकल पुलिस की कार्रवाई, स्विफ्ट डिजायर कार की जब्त**

**शिवपुरी।** फिजीकल थाना पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी केदार लोधी निवासी कछोआ, पिछोर को गिरफ्तार किया। आरोपी की स्विफ्ट डिजायर कार (वढ14 इश 4792) से 6 पेटी देशी प्लेन शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत करीब 12 हजार व कार की 6 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कार्रवाई उनि भावना राठौर की टीम ने की।

## करैरा नप मुख्य द्वार पर शराब-बीयर की बोतलें बिखरीं, अंदर शराब पार्टी का आरोप



**करैरा।** नगर परिषद के मुख्य द्वार के ठीक बाहर सैकड़ों खाली शराब और बियर की बोतलें रोजाना बिखरी रहती हैं। स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाया है कि शाम ढलते ही परिषद परिसर के अंदर कुछ लोग शराब पार्टी करते हैं और उपभोग के बाद बोतलें बाहर फेंक देते हैं। इससे जो लोग बाहन से नगर परिषद आते उन्हें इस कचरे के ढेर से होकर गुजरना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि जिस विभाग का दायित्व पूरे नगर को स्वच्छ रखना है, उसके मुख्य द्वार पर ही गंदगी का अंबार लगा है तो शहर के अन्य क्षेत्रों की स्थिति क्या होगी? लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि कोई वरिष्ठ अधिकारी अचानक निरीक्षण करें तो स्वच्छता व्यवस्था की पोल खुल जाएगी। परिसर में शराब का सेवन और कचरा फेंकना सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का स्पष्ट प्रमाण है। स्थानीय निवासी अजय यादव ने बताया, ह्लहर शाम 7 बजे के बाद परिसर में हंसी-ठिठोली और बोतलें खुलने की आवाजें आती हैं। सुबह तक बाहर बोतलों का ढेर लग जाता है।ह्व एक अन्य नागरिक ने कहा, ह्लनगर परिषद स्वच्छ भारत अभियान की बात करती है, लेकिन अपने घर से सफाई शुरू नहीं कर पा रही। नागरिकों ने मांग की है कि परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, शाम के समय अनधिकृत प्रवेश रोका जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। यह मामला नगर की स्वच्छता व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

## एसडीएम से नप उपाध्यक्ष ने की शिकायत

# भूमाफिया से बचाने राजस्व भूमि के सीमांकन व संरक्षण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष राजीव सिकरवार ने जनसुनवाई में शासकीय भूमि को लेकर एसडीएम अनुराग निंगवाल को एक शिकायती आवेदन दिया । उन्होंने आवेदन में बताया खसरा नंबर 1971 वाली कुल 2.8740 हेक्टेयर राजस्व एवं नजूल श्रेणी की बहुमूल्य जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की दिशा में आवेदन दिया गया है। सिकरवार ने अपने आवेदन में उल्लेख किया गया कि यह क्षेत्र नेशनल हाईवे 27 की सीमा से सटा हुआ है, जिसकी वजह से इसकी रणनीतिक एवं आर्थिक महत्वता कई गुना बढ़ जाती है।

आवेदन के अनुसार, इस भूखंड का एक हिस्सा 0.200 हेक्टेयर ऑडिटोरियम निर्माण के उद्देश्य से पहले ही आरक्षित रखा गया है, जबकि शेष भाग कन्या छात्रावास तथा अंबेडकर पार्क जैसी सामाजिक योजनाओं के लिए चिह्नित है। फिर भी, स्थानीय स्तर पर व्याप्त अशांति के बीच यह संपत्ति धीरे-धीरे संदिग्ध तत्वों द्वारा हड़पी जा रही प्रतीत होती है, जो न केवल सरकारी खजाने को गंभीर क्षति पहुंचा रही, बल्कि सार्वजनिक हितों को भी खतरे में डाल रही है उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में जारी निर्देशानुसार, प्रत्येक शहरी निकाय को एक भव्य गीता भवन स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने का माध्यम बनेगा। इसी संदर्भ में नगर परिषद करैरा ने कलेक्टर शिवपुरी को अलग से पत्र भेजा है, जिसमें उक्त सर्वे नंबर के अंतर्गत 0.6 हेक्टेयर क्षेत्र गीता भवन के लिए आवंटित करने का अनुरोध शामिल है। सिकरवार ने बताया कि शीघ्रातिशीघ्र इस पूरे भू-भाग का सटीक मापन एवं सीमाप्रदर्शन न कराया गया, तो भूमि माफिया तत्वों द्वारा की गई अतिक्रमण की घटनाएं बढ़ती जाएंगी, जिससे राज्य की संपदा अनावश्यक विवादों में उलझ जाएगी। उनका तर्क है कि यह स्थान अपनी केंद्रीय स्थिति के कारण आदर्श है, जहां से विभिन्न कल्याणकारी पहलें आसानी से संचालित हो सकें।

सुझाव दिया कि सीमांकन के पश्चात तत्काल तारबाड़ी या मजबूत बाउंड्री वॉल स्थापित की जाए, जो न केवल अनधिकृत प्रवेश को रोक सकेगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं को सुरक्षित रखेगी। यह कदम जनहित को सर्वोपरि रखते हुए शासन की नीतियों को मजबूत बनाने का प्रयास है, क्योंकि ऐसी संपत्तियां सामुदायिक विकास का आधार होती हैं। प्रशासन को चाहिये तत्काल ऐसी भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कर उस पर नागरिकों के हितो को ध्यान में रखकर कोई पार्क या पास में रह रही छात्रावासो में छात्राओं का भविष्य सुरक्षित रह सके ।

# उपजेल पिछोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं अधिकार संरक्षण के लिए विशेष पहल**



**शिवपुरी।** उपजेल पिछोर में एक महिला बंदी उषा सेन द्वारा अपने पति के उपचार को लेकर लगाए गए आरोपों के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी द्वारा तत्परता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई। प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में सचिव एवं वरिष्ठ न्यायाधीश श्रीमती रंजना चतुर्वेदी ने संबंधित जेलर से विस्तृत रिपोर्ट तलब की और जिला स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष चिकित्सा दल ने उपजेल पहुंचकर बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण किए तथा गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों का चिकित्सीय निदान कर आवश्यक उपचार कराया।

इस अवसर पर श्रीमती रंजना चतुर्वेदी ने स्वयं उपजेल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बंदियों के हित में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से उपजेल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में कुल 96 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से एक कुष्ठ रोगी, एक हेपेटाइटिस, एक हृदय रोगी तथा एक उच्च रक्तचाप से ग्रसित पाए गए, जिन्हें तत्काल आवश्यक6 दवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य परीक्षण कार्य में डॉ. संजीव वर्मा, सतेन्द्र शर्मा तथा सुरेश नरवरिया ने आवश्यक जांचें कीं। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील खंडोलिया, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा एवं उपजेलर उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए वरिष्ठ न्यायाधीश श्रीमती रंजना चतुर्वेदी ने कहा कि अपराध का मूल कारण प्रायः नशा होता है। नशा ही नाश का कारण है, अतः प्रत्येक व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे जीवन में नशे से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव की स्थिति में विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार प्राप्त कर व्यक्ति अपने जीवन को सही दिशा दे सकता है।

**मुनिश्री ने आशीर्वाद प्रदान किया**

# विधायक ने तीर्थवंदना यात्रा के अमरोद पहुंचने पर की संतों की भव्य अगवानी

**मुंगावली।** निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में निकाली जा रही तीर्थ पदयात्रा के दूसरे दिन यात्रा सोमवार को ग्राम सहोदरी से आगे चली जिसका जगह जगह भव्य स्वागत ग्रामीणों द्वारा किया गया। विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने मुनि श्री की भव्य अगवानी की और यात्रा के दौरान पैदल विहार किया।

वही इस यात्रा में लोगों की आस्था अपने चरम सीमा पर दिखाई दी और यह यात्रा जिस भी ग्राम से निकल रही थी वहां लोग रास्ते को झाड़ू लगाकर रास्ते मे पड़े ककड़ ओर पत्थर हटा रहे थे। सुबह पूर्व मंत्री और विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव उनके जेष्ठ पुत्र अर्जुन सिंह यादव सहित पूरा परिवार इस पद यात्रा में शामिल हुआ और सहोदरी से लेकर ग्राम अमरोद तक पद विहार कराया। जहाँ मुनि संघ के सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा की क्रियाए सम्पन हुई। दोपहर बाद यह यात्रा थूवोन जी के लिए आगे बढ़ी जिसका समापन मंगलवार सुबह मुनि संघ के मंगल प्रवेश के साथ किया जाएगा। जहाँ खड़े बाबा भगवान आदिनाथ का महा मस्तकाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए बडे ही भाग्य कि बात है कि यह पदयात्रा हमारे नगरो से होकर निकल रही है ओर जिसका सानिध्य राष्ट संत निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज कर रहे है। आज हमें चक्रवती यात्रा देख पा रहे है यह हम सभी के लिए पुण्य कि बात है, ऐसे सौभाग्य बार बार नही मिलते है इसमें जितना हो सके अपना योगदान देना चाहिए। वही इस दौरान मुनि संघ का जगह जगह लोगो द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया। जिसमें विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,अर्जुन सिंह यादव,दर्शन सिंह यादव सहित पूरे परिवार द्वारा किया गया और मंगल आर्शीवाद लिया गया।



जब पहली बार आया था,तब लोगो ने रात भर जागे थे ग्रामीण मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज

इस मौके पर मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने कहा कि जब में पहली बार अमरोद आया था तो मेरा यहां रात रुकना हुआ था और तब में अंदर सो रहा था और लोग रात भर जागे थे तब यहां कच्चे घर हुआ करते थे। आज तो पक्के मकान बन गए है आज भी मुनि के प्रति इतनी आस्था आप लोगो की भक्ति को दर्शाती है और यही पुण्य आप लोगों के काम आएगा, जब आपको उसकी जरूरत होगी। विधायक ने दोपहर बाद मुनि संघ के साथ ही पद यात्रा के लिए गए और सोमवार को रात्रि विश्राम ललोई ग्राम होगा। जहां शाम को जिज्ञासा समाधान के साथ मुनि संघ की मंगल आरती की जाएगी।

## महाविद्यालय में मप्र स्थापना दिवस समारोह का समापन

# प्रदेश की गौरवशाली विरासत और संस्कृति की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित गतिविधियों का समापन सोमवार को पुरूस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया।

स्थापना दिवस के मौके पर स्वामी विवेकानंद उद्यान प्रांगण में राष्ट्रगीत, वंदे मातरम तथा मध्यप्रदेश गान के सामूहिक गायन से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रचार्य डॉ. रेनू राजेश ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत और बहु आयामी संस्कृति पर विस्तृत रूप से अपने वक्तव्य को रखा था। इस अवसर पर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश की गौरवशाली विरासत, बहुआयामी संस्कृति, पर्यटन उद्योग, विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 2 नवंबर को पोस्ट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान






प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोवरन सिंह नरवरिया एम.ए. तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान आदित्य साहू बी.कॉम प्रथम वर्ष ने व तृतीय स्थान जय कृष्णा शर्मा बी.ए.तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा कुशवाह एम.ए.तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर सोवरन सिंह नरवरिया एम.ए. तृतीय सेमेस्टर व तृतीय स्थान जय कृष्णा शर्मा बी.ए. तृतीय ने प्राप्त किया ।पोस्ट निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु.शीक्षम शर्मा बी.एस. सी. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान जूनेब शेख बी.ए.प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान कु.सारिका श्रीवास्तव बी.एससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

सोमवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति अध्यक्ष महेंद्र भारद्वाज, स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, जनभागीदारी समिति सदस्य आदि जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। इनके द्वारा प्रतियोगिताओ में विजेता विद्यार्थियों को शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र, इन सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा, वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर युवाओं से संवाद भी किया गया जिसमें महाविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह, प्रभारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, ने किया। कार्यक्रम में डॉ. पी के सुराना, डॉ नवीन पटवा, चंद्रशेखर जाटव, डॉ. योगिता भार्गव, डॉ जेपी अहिरवार, डॉ. दीक्षा भट्ट, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. राजकुमार जाट, रश्मि कर्मी, अरविंद कौशिक, रानी शर्मा एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व 150 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुस्कान अभियान के तहत शा. स्कूल अमरौद में जनजागरुकता कार्यक्रम

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में संचालित मुस्कान अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में सोमवार को शासकीय स्कूल अमरौद में जन-जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालक-बालिकाओं में आत्म-सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं साइबर जागरूकता संबंधी जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान, तथा थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक प्रशांत यादव उपस्थित रहे। स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से सरल एवं संवादात्मक शैली में चर्चा की। विद्यार्थियों को "गुड टच" और "बैड टच" के महत्व को समझाते हुए यह बताया कि किसी भी अनुचित स्पर्श या व्यवहार की




स्थिति में तुरंत अपने अभिभावक, शिक्षक अथवा पुलिस को सूचित करना चाहिए। साथ ही, पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह अधिनियम बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है और अपराधियों पर कठोर दंड का प्रावधान करता है। कार्यक्रम में बाल अधिकार, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, तथा भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की जानकारी दी गई।

साथ ही विद्यार्थियों को अश्लील चित्रण, सोशल मीडिया पर ब्लैकमेलिंग, फेक प्रोफाइल, ऑनलाइन गेम्स में धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग एवं ठगी जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। बच्चों को मोबाइल एवं इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई जिसमं महिला हेल्पलाइन 1091, बाल हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा नंबर 112 है। इन हेल्पलाइनों के माध्यम से किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की सूचना तुरंत दी जा सकती है और पीड़ति को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान, तथा थाना प्रभारी आदि रहे मौजूद।